**भारत डायनामिक्स लिमिटेड**

**(भारत सरकार का उद्यम, रक्षा मंत्रालय)**

**निगम कार्यालय : गच्ची बाउली, हैदराबाद**

बीडीएल/104/बीडी-नि.वा./एम आर/ 04 दिनांक : 14 सितंबर, 2021

**<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>**

**सी एम डी, बी डी एल एवं अध्यक्ष, नराकास ने भारत के माननीय गृह मंत्री के कर-कमलों से राजभाषा कीर्ति पुरस्कार प्राप्त किया**

हैदराबाद स्थित भारत सरकार के सार्वजनिक उपक्रमों की नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति को वर्ष 2019-20 की अवधि के दौरान राजभाषा नीति के उत्कृष्ट कार्यान्वयन के लिए 'ग' क्षेत्र के अंतर्गत राष्ट्रीय स्तर पर**'राजभाषा कीर्ति पुरस्कार'**(प्रथम स्थान) से सम्मानित किया गया।

दि. 14 सितंबर को विज्ञान भवन, नई दिल्ली में संपन्न हिंदी दिवस कार्यक्रम के दौरानभारत सरकार के गृह मंत्री **श्री अमित शाह** ने यह पुरस्कार इस समिति के अध्यक्ष कमोडोर सिद्धार्थ मिश्र (से.नि.), सी एम डी, बी डी एलको शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया।

यह चौथा अवसर है जब इस समिति को राष्ट्रीय स्तर पर यह सम्मान प्राप्त हुआ है। हैदराबाद-सिकंदराबाद स्थित 47 उपक्रमों में उत्कृष्ट राजभाषा कर्यान्वयन के लिए समिति द्वारा किये गये कामकाज के लिए यह पुरस्कार दिया गया है।

इस अवसर पर अध्यक्ष, नराकास ने बताया कि राष्ट्र के विकास में हिंदी भाषा की महत्वपूर्ण भूमिका है। समिति के सभी सदस्य कार्यालय अपने-अपने कार्यक्षेत्र में उत्कृष्ट काम कर रहे हैं। अध्यक्ष महोदय ने राजभाषा कार्यान्वयन के क्षेत्र में सदस्य कार्यालयों द्वारा किये जा रहे प्रयासों को बनाये रखते हुए इसे और आगे बढ़ाने के लिए कहा।

देश में राजभाषा कार्यान्वयन को प्रभावी बनाने के लिए भारत सरकार द्वारा नगर स्तर पर नगर राजभाषा कार्यान्वयन समितियों का गठन किया गया है।

इस अवसर पर उप महाप्रबंधक (राजभाषा) एवं समिति के सदस्य सचिव श्री होमनिधिशर्मा को उत्तम कार्यनिष्पादन के लिए प्रमाण-पत्रप्रदान कर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर भारत के गृह मंत्री सहित गृह राज्य मंत्रीश्री नित्यानंद राय,श्री अजय कुमार मिश्र और श्री नीतिश प्रामाणिक सहित सचिव, राजभाषा विभाग डॉ. सुमीत जैरथ, आई ए एस, संयुक्त सचिवडॉ. मीनाक्षी जौली व भारत सरकार के अन्य उच्चाधिकारी मौजूद थे।



*कमोडोरसिद्धार्थ मिश्र **(से.नि.),** वर्ष **2019-20** अवधि के लिए गृह-मंत्री श्री अमित शाह से ‘राजभाषा कीर्ति पुरस्कार’ के अंतर्गत शील्ड प्राप्त करते हुए।*



*‘राजभाषा कीर्ति पुरस्कार’ के अंतर्गत होमनिधि शर्मा, उप महाप्रबंधक **(मा.सं.-रा.भा.)** एवं सदस्य सचिव**,** न.रा.का.स उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रमाण-पत्र प्राप्त करते हुए।*